मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 10/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -204/2024
10 अगस्त 2024
रांची
===================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने 49 वें जन्म दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों (स्वंयसेवकों) को दी बड़ी सौगात
===================
मुख्यमंत्री ने गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिए जाने के प्रस्ताव को दी स्वीकृति
====================
गृह रक्षकों को दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक के रूप में एक हज़ार अठासी रुपए (₹1088/-) प्रतिदिन की दर से भुगतान किए जाने का है प्रस्ताव
====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने 49 वें जन्म दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों (स्वंयसेवकों) को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने गृह रक्षकों (स्वंयसेवकों) को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत गृह रक्षकों (स्वंयसेवकों) को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक के रूप में एक हज़ार अठासी रुपए (₹1088/-) प्रतिदिन की दर से भुगतान किए जाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में इन्हें पांच सौ रुपए मात्र (₹500/-) प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाता है। वर्तमान में विधि- व्यवस्था हेतु गृह रक्षकों की संख्या तीन हज़ार पांच सौ सताईस (3527) है।

###

===============Team PRD (CMO)